आख्या नीलामी समिति, जनपद न्यायालय, बस्ती।

माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय,
बस्ती।

नीलामी समिति की बैठक आज दिनांक 11.10.2023 को सायं 04 बजे जनपद न्यायालय, बस्ती परिसर में स्थित वीडियो कान्फ्रेंसिंग हाल में आयोजित की गयी, जिसमें समिति के सम्मानित सदस्यगण श्री विजय कुमार कटियार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक्ट कोर्ट, बस्ती, श्री उमेश यादव, अति० मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम, बस्ती तथा श्री सिद्धार्थ बरगोती, न्यायिक दण्डाधिकारी द्वितीय, बस्ती उपस्थित आये। इसके अतिरिक्त श्री अमित कुमार श्रीवास्तव, केन्द्रीय नाजिर, श्री सर्वज्ञ मणि त्रिपाठी, डिप्टी नाजिर तथा श्री विनय कुमार त्रिपाठी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनपद न्यायालय परिसर, बस्ती में वित्तीय वर्ष 2023–2024 में निष्प्रयोज्य सामग्रियों की सार्वजनिक नीलामी, नीलामी समिति की देखरेख में सम्पन्न हुई, जिसमें श्री दीनानाथ, श्री रिजवानुलहक, श्री काजी मो० वसी, श्री सूरज कुमार चौहान सहित कुल चार आवेदकों ने प्रतिभाग किया। निष्प्रयोजय सामग्रियों के मूल्य निर्धारण किये जाने हेतु स्थानीय बाजार के प्रतिष्ठित फर्म मेसर्स मॉ शारदा ट्रेडर्स, मूड़घाट, बस्ती तथा मेसर्स गणेश इण्टरप्राइजेज, ग्राम महसो चौराहा, पोस्ट महसो, जनपद बस्ती के प्रोपराइटर को बुलवाया गया और नीलामी की जाने वाली सामग्रियों को दिखाया गया। उपरोक्त दोनों प्रतिष्ठित फर्म के प्रोपराटर द्वारा मौखिक रूप से बताया गया कि उक्त सामग्रियां अनुपयोगी हैं व कबाड़े में ही खरीदी जा सकती है तथा उन्होंने निष्प्रयोज्य सामग्रियों का संभावित वजन बताते हुये बाजार में बिकने वाले कबाड़े के मूल्य की अपनी–अपनी आख्या प्रस्तुत की। उक्त दोनों फर्मों द्वारा मूल्य निर्धारण करने के उपरांत, प्रस्तुत अधिकतम मूल्य 60,600/–को न्यूनतम धनराशि मानकर नीलामी समिति द्वारा नीलामी की कार्यवाही प्रारंभ की गयी, नीलामी के समय सभी प्रतिभागी उपस्थित रहे। उक्त निष्प्रयोज्य सामग्री की उच्चतम बोली श्री काजी मो० वसी पुत्र काजी अब्दुल हमीद निवासी–राजा मैदान, थाना पुरानी बस्ती जिला बस्ती द्वारा **मु0 70,000/–**(रूपया सत्तर हजार) रूपये लगायी गयी। उक्त धनराशि वित्तीय निर्देशों के अनुक्रम में न्यूनतम मानक से अधिक है। आवेदक उक्त नीलामी की उच्चतम बोली की धनराशि जमा करने को तैयार है।

अतः नीलामी समिति एक राय से अनुपयोगी/निष्प्रयोज्य सामग्रियों की नीलामी **मु0 70,000/–** में वित्तीय वर्ष 2023–2024 के लिये आवेदक श्री काजी मो० वसी पुत्र काजी अब्दुल हमीद निवासी राजा मैदान थाना पुरानी बस्ती जिला बस्ती के पक्ष में नीलाम किये जाने की संस्तुति करती है।

Siddharth 11.10.23
(सिद्धार्थ बरगोती)
सदस्य नीलामी समिति
न्यायिक दण्डाधिकारी द्वितीय,
बस्ती।

Umesh 11/10/23
(उमेश यादव)
सदस्य नीलामी समिति
अति० मुख्यान्यायिक दण्डाधिकारी,
बस्ती।

11/10/23
(विजय कुमार कटियार)
सदस्य नीलामी समिति
अति० जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
फास्ट ट्रैक्ट कोर्ट, बस्ती।

11/10/2023
(शिवचन्द)
अध्यक्ष नीलामी समिति
अति०जिला एवं सत्र न्यायाधीश
बस्ती।

(विनय कुमार तिवारी)
प्रासेस सरवर
नजारत अनुभाग,
जनपद न्यायालय, बस्ती।

(सर्वज्ञ मणि त्रिपाठी)
डिप्टी नाजिर
नजारत अनुभाग,
जनपद न्यायालय, बस्ती।

11/10/23
(अमित कुमार श्रीवास्तव)
केन्द्रीय नाजिर
नजारत अनुभाग,
जनपद न्यायालय, बस्ती।

Order

Seen the report of Auction Committee. Approved. Further proceeding be done as per law.

12/10/23
District Judge,
Basti.